हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 13 फरवरी 2025

## चचेरे भाइयों ने मौसेरे भाई पर चाकू से किया हमला

**नागपुर.** पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए चचेरे भाइयों ने अपने ही मौसेरे भाई को चाकू से गोद डाला। यह घटना कलमना के डिप्टी सिग्नल स्थित साई चौक पर हुई। घायल अरविंद वर्मा (21) और आरोपी कमलेश वर्मा (20) और नवीन वर्मा (24) गोपाल नगर के निवासी हैं। कमलेश और अरविंद रिश्तेदार हैं। जानकारी के अनुसार दिसंबर माह में किसी बात को लेकर अरविंद और कमलेश के बीच विवाद हुआ था। अरविंद ने चाकू से हमला करके कमलेश को घायल कर दिया था। पारडी पुलिस ने हमले का मामला दर्ज कर अरविंद को गिरफ्तार किया था। वह 9 जनवरी को जेल से जमानत पर आया। जमानत पर आने के बाद कलमना पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिबंधक कार्रवाई की थी। पुलिस ने उसे शहर छोड़कर जाने को कहा, जिसके बाद अरविंद अपने भाई के पास गुजरात चला गया था। वहां मजदूरी का काम करता था। मंगलवार सुबह ही वह गुजरात से लौट आया। सुबह 11 बजे बस्ती के पानठेले पर खर्रा लेने के लिए गया।

# मुख्यमंत्री की सात सूत्री कार्ययोजना का सख्ती से क्रियान्वयन करें

### > डॉ अभिजीत चौधरी के निर्देश, नगर आयुक्त ने अधिकारियों की ली बैठक

**नागपुर.**



महाराष्ट्र राज्य के माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्धारित किये सात सूत्री कार्ययोजना को सख्ती से लागू करने का निर्देश नागपुर महानगरपालिका आयुक्त व प्रशासक डॉ.अभिजीत चौधरी ने दिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक जोन कार्यालय में एक स्वागत कक्ष स्थापित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, पुराने रिकार्ड को छह-बंडल प्रणाली में रखा जाना चाहिए तथा जोन में महत्वपूर्ण परियोजनाओं का दौरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए प्रयास करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के सात सूत्री कार्ययोजना के क्रियान्वयन एवं नियोजन के संबंध में कमिश्नर ने बुधवार को सभी अधिकारियों की बैठक ली। यह बैठक मनपा मुख्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रशासनिक भवन के आयुक्त सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त आंचल गोयल, अपर आयुक्त अजय चर्थनकर, मुख्य अभियंता लीना उपाध्याय, उपायुक्त विजया बनकर, उपायुक्त विजय देशमुख, मिलिंद मेश्राम, प्रकाश वराडे, गणेश राठोड, अशोक गराटे, परिवहन प्रबंधक विनोद जाधव, उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे, अधीक्षण अभियंता मनोज तालेवार, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले, सहायक आयुक्त श्याम कापसे, हरीश राऊत, घनश्याम पंधारे, नरेंद्र बावनकर, विजय थुल, विकास रायबोले और सभी कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने तय किये गये प्रत्येक मामले पर चर्चा की गई। आयुक्त ने नगर निगम एवं जोन कार्यालयों की गहन सफाई के भी निर्देश दिए। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक ने मनपा मुख्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रशासनिक भवन के अग्रभाग पर दिव्यांगों के लिए सूचना बोर्ड को अद्यतन करने के साथ-साथ प्रत्येक जोन में पेयजल एवं आगंतुक कक्ष की व्यवस्था करने के लिए भी कदम उठाए हैं। आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अपराह्न 3.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक का समय नागरिकों के लिए आरक्षित करने के भी निर्देश दिए।

आयुक्त ने शिकायत निवारण पोर्टल पर शिकायतों के समाधान की गति बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत निवारण पोर्टल के साथ-साथ नगर निगम मुख्यालय एवं जोनों में नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं प्रतिक्रियाओं का रिकार्ड रखा जाए तथा सभी लंबित शिकायतों का समाधान किया जाए तथा शिकायतों के समाधान के लिए जोन स्तर पर टीम गठित की जाए। मुख्यमंत्री के सात सूत्री कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में आयुक्त ने नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग को नोडल विभाग के रूप में जिम्मेदारी सौंपी।

# ऑपरेशन रेलवे प्रहरी के तहत ट्रेन से तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

### > ₹1.55 करोड़ की चोरी का माल भी बरामद

**नागपुर.**



रेलवे सुरक्षा बल और सीआईबी (अपराध शाखा) की संयुक्त कार्रवाई में ट्रेन नंबर 12723 से तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार11 फरवरी 2025 को हैदराबाद पुलिस से सूचना मिली कि चोरी के एक मामले में वांछित तीन आरोपी ट्रेन नंबर 12723 में सफर कर रहे हैं। पुलिस ने संदिग्धों की तस्वीर साझा की, जिसके बाद आरपीएफ नागपुर टीम के प्रभारी नवीन प्रताप सिंह ने हेड कांस्टेबल अजय सिकरवार और कांस्टेबल जसवीर सिंह को ट्रेन में चढ़ने का निर्देश दिया।

ट्रेन में सफर के दौरान दोनों अधिकारियों ने संदिग्धों की पहचान की । इस बीच आरपीएफ नागपुर प्रभारी सतेंद्र यादव के समन्वय से सहायक इंस्पेक्टर प्रियंका सिंह और कांस्टेबल रवींद्र जोशी को कटोल रेलवे स्टेशन भेजा गया। ट्रेन के कटोल स्टेशन पहुंचते ही तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया और नागपुर आरपीएफ पोस्ट लाया गया। पकड़े गए आरोपियों सुशील सुरत मुखिया (29) बिरोल थाना, मधुबनी, बिहार,मलहू सोनाय (38) बिरोल थाना, मधुबनी, बिहार,बसंती मखन आर्या (45) मेशनापुर, पश्चिम बंगाल निवासी का समावेश है। उनके पास से सोने, चांदी और हीरे के गहने, अनुमानित कीमत ₹ 1,35,55,000 बरामद किए गए हैं। जिसमें भारतीय मुद्रा ₹19,63,730 सहित 24 देशों की करेंसी, जिसमें अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रिटिश पाउंड, सऊदी रियाल, पाकिस्तानी रुपये, वियतनामी डोंग भी मिले हैं। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व मनोज कुमार, रेलवे पुलिस के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त नागपुर की निगरानी में किया गया। तीनों आरोपियों को चोरी की गई संपत्ति समेत हैदराबाद पुलिस को सौंप दिया गया।

## ड्रग तस्करी के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**नागपुर.**



क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बगड़गंज इलाके में ड्रग तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 30 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने सप्लायर का नाम भी उजागर किया, जिसकी तलाश अब पुलिस कर रही है।

क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम को जानकारी मिली थी कि जूना बगड़गंज परिसर स्थित एक किराना स्टोर के सामने एक युवक एमडी तस्करी करने के इरादे से आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस ने जाल बिछाकर अभिषेक उर्फ दादू मोतीलाल राजने नामक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास एक दुपहिया वाहन मोबाइल फोन सहित 30 ग्राम एमडी पाउडर मिला। पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि वह एक चाइनीस का ठेला लगाता है और उसकी आड़ में ही वह इस ड्रग्स को बेच रहा था। इसके साथ ही उसने सारंग उघड़े नामक अपराधी से ड्रग्स को खरीदने की जानकारी भी पुलिस को दी।

बताया जा रहा है कि सारंग पर इससे पहले हत्या और ड्रग्स बिक्री जैसे कई गंभीर मामले दर्ज है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 2 लाख 15000 रुपयों का माल बरामद किया है। साथ ही अब पुलिस सारंग की भी तलाश कर रही है। आरोपी को माल सहित आगे की कार्रवाई के लिए लकड़गंज पुलिस के हवाले किया गया है।

# हाइड्रॉ क्रेन के पहिए तले दबकर मजदूर की मौत

### एमआईडीसी स्थित ब्राइट इंडस्ट्रीज में हादसा

**नागपुर.**



एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित ब्राइट इंडस्ट्रीज में मंगलवार दोपहर हुए एक दर्दनाक हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हाइड्रॉ क्रेन के अगले पहिए के नीचे दबकर संतोष दुलीचंद मासुरकर (46) अमर नगर, नीलडोह, हिंगणा रोड निवासी की जान चली गई।

हादसे के बाद कंपनी के अधिकारी और क्रेन चालक मौके से फरार हो गए, जिससे परिजनों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश फैल गया। दोपहर करीब 2 बजे कंपनी के गेट के सामने एक ट्रक में लाई गई लोहे की छड़ें हाइड्रॉ क्रेन क्रमांक की मदद से उतारी जा रही थी। मजदूर संतोष मासुरकर छड़ों को चेन से बांधने का काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह क्रेन के पहियों के नीचे आ गया। चालक को इस बात का एहसास नहीं हुआ और उसने क्रेन आगे बढ़ा दी, जिससे संतोष का सिर कुचला गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप**

घटना होते ही क्रेन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, वहीं कंपनी के अधिकारी भी ताला लगाकर भाग निकले। जैसे ही हादसे की खबर फैली, मृतक की पत्नी अंजु, बेटा अनिकेत और अन्य परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। अमर नगर के सैकड़ों लोग भी मौके पर जमा हो गए और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।

#### कंपनी प्रबंधन और चालक पर केस दर्ज करने की मांग

परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने कंपनी प्रबंधन और वाहन चालक पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। मृतक के बेटे अनिकेत और पत्नी अंजु ने स्पष्ट कहा कि जब तक कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, वे शव उठाने नहीं देंगे। घटना की सूचना मिलते ही एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी संजय बनसोड़, उपनिरीक्षक महेश पवार और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे पूर्व जिला परिषद सदस्य राजू हरडे, मंगेश हरणे और प्रशांत पटले ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

#### कंपनी से मुआवजे की मांग

मृतक संतोष मासुरकर अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके निधन से पत्नी, बेटा और बेटी बेसहारा हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों और परिजनों ने कंपनी प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है और मामले की जांच जारी है।

## नगर निगम की ओर से संत रविदास जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि



**नागपुर.**

नागपुर नगर निगम ने बुधवार को संत रविदास जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनपा अतिरिक्त आयुक्त अजय चर्थणकर ने मनपा मुख्यालय में संत रविदास के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर षष्ठम आयुक्त श्याम कापसे, जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी के साथ ही चर्म श्रमिक सेवा संघ के अध्यक्ष भैयासाहेब बिघाने, पंजाबराव सोनेकर, प्रा. डॉ. अशोकराव थोटे, महादेवराव मालखेड़े, किशोर नांदरे, भाऊराव तांडेकर, विजय चावरे, रमेश सातवे, मनोज बिंझाड़े आदि उपस्थित थे।

## नेहा डबाले को 38वें राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक

**नागपुर.**



उपराजधानी नागपुर की धावक नेहा डबाले ने उत्तराखंड में शुरू 38वे राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कमाल कर दिया। ढाबले ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। वहीं तमिलनाडु की खिलाडियों ने गोल्ड और सिल्वर पर कब्ज़ा किया।

उत्तराखंड में 38वे राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जहां 28 राज्यों, आठ केंद्र शासित प्रदेशों और सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड के एथलीट 32 विभिन्न खेलों में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

बुधवार को नागपुर शहर के लिए दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा। देहरादून के गंगा एथलेटिक्स ग्राउंड पर 400 मीटर हर्डल्स दौड़ का फ़ाइनल हुआ। जिसमें शहर की खिलाडी नेहा डबाले शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। नेहा ने फ़ाइनल में 1:00.55 मिनट पर अपनी रेस पूरी की और ब्रॉन्ज मैडल पर कब्ज़ा किया। वहीं तमिलनाडु की विथ्या रामराज और श्रीवर्थानी एस के ने क्रमशः 58.11 और 59.86 रेस पूरी करते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल पर कब्ज़ा किया।

## धारदार हथियारों के साथ अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.**जरीपटका पुलिस ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अपराधी को धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बड़ा चाकू, तलवार और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं।जानकारी के अनुसार 11 फरवरी 2025 की रात करीब 7 बजे, जरीपटका पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज आरोपी भावेश उर्फ वंश सुनिल मेश्राम (19) भीम नगर, जरीपटका निवासी भारी मात्रा में हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को विक्की किराना स्टोर के पास पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक सूटकेस में धारदार तलवार, बड़ा चाकू और अन्य हथियार बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,500 रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 4/25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच की जा रही है।

## गोल्डन आवर के तहत घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया

**नागपुर.**

उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेंद्र वर्मा द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी आदेशों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए, सड़क पर एक गंभीर दुर्घटना के दौरान त्वरित राहत कार्य किया गया।

यह घटना 11 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे की है, जब वरठी से भंडारा की ओर आते समय सरकारी तकनीकी संस्थान, भंडारा के पास सड़क पर एक दुर्घटना घटी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर पर चोट आई और वह बेहोशी की हालत में मिला। मौके पर मौजूद परिवहन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार दिलाने और समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

घटना स्थल पर मौजूद मोटर वाहन निरीक्षक विवेक गोविंदराव तास्के और चालक शंभू बंदेबूचे ने त्वरित निर्णय लेते हुए राहगीरों की मदद से घायल को भंडारा के सरकारी अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया। सड़क सुरक्षा के तहत "गोल्डन आवर" के महत्व को समझते हुए, अधिकारी श्री वर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुसार त्वरित राहत कार्य किया गया।

इस दौरान सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सतीश जाधव, मोटर वाहन निरीक्षक विनय गांगुर्डे एवं वाहिद चाउस ने भी समुचित सहायता प्रदान की। दुर्घटना की जानकारी तुरंत आपातकालीन वार्ड पुलिस चौकी को दी गई, साथ ही घायल व्यक्ति के परिजन ईश्वरकर को भी सूचित किया गया।

परिवहन विभाग की त्वरित कार्रवाई और समर्पण से यह सुनिश्चित हुआ कि घायल को समय रहते उचित उपचार मिल सके। इस प्रकार, सड़क सुरक्षा अभियान के तहत उठाए गए इस कदम की सराहना की जा रही है।

## विदर्भ में शहरी सहकारी बैंकों के लिए कार्यशाला में विशेषज्ञ मार्गदर्शन

**नागपुर.**



विदर्भ शहरी बैंक सहकारी संघ लिमिटेड. नागपुर ने विदर्भ के शहरी सहकारी बैंकों के निदेशकों के लिए सोमवार, 10 फरवरी और मंगलवार, 11 फरवरी को शेगाँव में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विदर्भ के सभी शहरी सहकारी बैंकों को एक साथ लाने तथा उनके काम में एकरूपता लाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, ताकि विदर्भ के सभी बैंकों के मुद्दों और समस्याओं का समाधान किया जा सके।

सोमवार, 10 फरवरी को राज्य के श्रम मंत्री एड.आकाश फुंडकर ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। मंगलवार, 11 फरवरी को गृह एवं सहकारिता राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर की मुख्य उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हुई। दोनों कार्यक्रमों में विदर्भ शहरी बैंक सहकारी संघ के अध्यक्ष रवींद्र दुरुगकर, उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता, सचिव तुषारकांति डबले, सहसचिव सुभाष देवलकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यशाला में शहरी सहकारी बैंकों के संबंध में बैंकिंग विनियमन अधिनियम में नवीनतम परिवर्तनों के साथ-साथ सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा, रिजर्व बैंक के उप महाप्रबंधक यू. श्रीनाथ ने निवेशकों की जिम्मेदारियों और नियामक सिद्धांतों के विषय पर उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। दो दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत उत्कृष्ट बैंक प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता तीन समूहों में आयोजित की गई थी। इसमें प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शहरी सहकारी बैंकों को राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सुभाष देवलकर ने किया तथा अंत में उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन भी किया।

## 34 साल से फरार आरोपी सदर पुलिस की हिरासत में

**नागपुर.**

सदर पुलिस ने 34 साल से फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम स्मेश रामदास तोटलवार (57), पंजाबी लाइन, गड्डीगोदाम, सदर निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साल 1990 में सदर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 324 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ, जिससे न्यायालय ने उसके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था और बाद में उसे फरार घोषित कर दिया गया।

बीते कई वर्षों से आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था, जिससे पुलिस को उसे पकड़ने में कठिनाई हो रही थी। लेकिन सदर पुलिस ने पक्की सूचना के आधार पर 12 फरवरी 2025 को जरीपटका थाना क्षेत्र से आरोपी को धरदबोचा।

इस कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त राहुल मदने और सहायक पुलिस आयुक्त (सदर विभाग) सुनीता मेश्राम के मार्गदर्शन में वपोनि मनीष ठाकरे, पोहवा नरेंद्र कलनायके और श्रीकृष्ण शेरकी की टीम ने इस फरार आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**मोबाइल चोरी का मामला सुलझा**

बेलतरोडी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल स्नेचिंग के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है इसमें एक नाबालिग का भी समावेश है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया है।जानकारी के अनुसार 23 नवंबर 2024 के दौरान न्यू मनीष नगर, पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले मनोजकुमार सिंह शाहू (49) का मोबाइल छीन कर दो युवक फरार हो गए।






CMYK

# पाटनसावंगी को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव मंजूर

**सावनेर.**

सावनेर तहसील के ग्राम पंचायत पाटनसावंगी में सोमवार, 10 फरवरी को आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गांव को नगर पंचायत का दर्जा देने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। यह सभा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को स्थगित की गई बैठक के स्थान पर आयोजित की गई थी।

पाटनसावंगी, सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा गांव है और नागपुर से महज 20 किमी दूर स्थित है। यह राजमार्ग से जुड़ा हुआ गांव है, जहां तेजी से बढ़ती आबादी और विस्तार के कारण नगर पंचायत का दर्जा आवश्यक हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास एवं नियोजन की सीमाएं हैं, इसलिए नगर पंचायत का दर्जा जरूरी है। गौरतलब है कि पाटनसावंगी को नगर पंचायत बनाने की मांग कई वर्षों से की जा रही थी, लेकिन कुछ राजनीतिक कारणों से यह प्रयास सफल नहीं हो सका। हालांकि, इस बार गांव के जागरूक नागरिकों ने आम सभा में भाग लेकर सर्वसम्मति से नगर पंचायत के प्रस्ताव को पारित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सरपंच रोशनी ठाकरे, ग्राम विकास अधिकारी मधुकर राघोटे, तथा प्रमुख नागरिक रवींद्र हटकर, दिलीप केदार, नितिन मोहनगावकर, प्रदीप केदार, सुमित तिड़के, प्रदीप सातपुते, परमानंद केदार, अनिल पानपट्टे, अरुण राय, वामन परते, ज्ञानेश्वर सोनकुसले, प्रवीण बोबड़े, प्रकाश पडाल, प्रकाश ताजने, आशीष पांडे, राहुल साबले, रूपेश सांभे, सुधाकर लोनकर, सुभाष चौधरी, अतुल जिचकर, मनोहर कावले आदि उपस्थित थे।



**इस फैसले का स्वागत करते हुए दिलीप नाथू केदार ने कहा**

**"मुझे विश्वास है कि महायुति सरकार के दौरान शहरी विकास मंत्रालय के माध्यम से नगर पंचायत का समुचित विकास होगा। मैं पाटनसावंगी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने का स्वागत करता हूं।**

**नितिन अरुण मोहनगावकर ने कहा,**

"आम सभा में नगर पंचायत के प्रस्ताव को पारित किया गया है। बैठक के बाद पक्ष और विपक्ष पर चर्चा हुई, लेकिन जब बहुमत नगर पंचायत के पक्ष में था, तो मैं भी इस निर्णय का समर्थन करता हूं।" गांव के नागरिकों को उम्मीद है कि नगर पंचायत बनने के बाद पाटनसावंगी के विकास को नई गति मिलेगी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा।



## राज्यमंत्री नीलेश हेलोंडे का सावनेर में स्वागत

**सावनेर.**

महाराष्ट्र के राज्यमंत्री नीलेश हेलोंडे का सावनेर में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के संगठक नरेंद्र विरखरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शुभम नवले (महाराष्ट्र सचिव), मा. हर्षल शिंदे (कार्यकारी सदस्य, महाराष्ट्र), राज तांडेकर (लोकसभा अध्यक्ष, रामटेक) और प्रकाश बाळापूरे (तालुका प्रमुख, सावनेर) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। गांधी चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर प्रमुख अश्विन महाजन, सचिन बसुले, भूषण बोंडे, नीलेश कामले, अकरम शेख, दीपक हरिजन, राहुल सिसिकर, कमलेश यादव, पिरतेश पांडिया, उद्धव गौरखेड़े, हिमांशु बटोले, गौरव कोल्हटकर, बंसी रोंगरे, नामदेव खोजरे, बबलू मेहदोले समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीलेश हेलोंडे का भव्य स्वागत किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कुख्यात गुंडे शुभम झोरे पर लगा एमपीडीए

### > गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**नागपुर.**

पुलिस ने शहर के कुख्यात अपराधी शुभम अरुण झोरे (25) को महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्टिविटीज अधिनियम, 1981 के तहत कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।

नागपुर पुलिस आयुक्त द्वारा 10 फरवरी 2025 को पारित इस आदेश के तहत झोरे को नागपुर मध्यवर्ती कारागृह में रखा गया है। उसके खिलाफ कोराडी और जरीपटका पुलिस थाने में हत्या का प्रयास, अपहरण, लूटपाट, जबरन वसूली, गंभीर हमला, अवैध हथियार रखने, सार्वजनिक शांति भंग करने और आपराधिक धमकी देने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। शुभम झोरे पर 2019 में धारा 107, 116(3) सीआरपीसी और 2024 में धारा 129(ई)(ग) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके, उसने शहर में आपराधिक गतिविधियाँ जारी रखीं। हाल ही में उसने खंडणी मांगना, गैरकानूनी तरीके से किसी को रोकना, घातक हथियार से हमला करना, हत्या की धमकी देना और अश्लील भाषा में गाली-गलौज करने जैसे अपराध किए। पुलिस के अनुसार, शुभम झोरे की अपराधी गतिविधियाँ लगातार बढ़ रही थीं, जिससे सार्वजनिक शांति भंग हो रही थी।

कोराडी पुलिस थाने ने उसकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए क्राइम ब्रांच के पास एमपीडीए का प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद उसके खिलाफ एमपीपीडी के तहत कार्रवाई करने का आदेश जारी हुआ। फिलहाल शुभम झोरे नागपुर मध्यवर्ती कारागृह में बंद है, लेकिन जल्द ही उसे नाशिक मध्यवर्ती कारागृह में स्थानांतरित किया जाएगा।

## वन विभाग की तत्परता से बची बाघ की जान

### > पेंच टाइगर रिजर्व परियोजना के अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

**सावनेर.**

नागपुर संभाग के विभिन्न बाघ परियोजनाओं और वन क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से जंगली जानवरों की मौत का सिलसिला जारी है। खासकर बाघों की मृत्यु की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच, नागपुर जिले के खापा वन क्षेत्र के नागलवाड़ी बीट के सिरोंजी शिवार में एक बाघ के कुएं में गिरने की घटना सामने आई। वन विभाग की तत्परता के चलते इस बाघ को सुरक्षित बचा लिया गया।



सोमवार, 10 फरवरी को दोपहर करीब 2:30 बजे, सिरोंजी गांव के कुछ ग्रामीणों ने खापा वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन आठवले को सूचना दी कि गोवर्धन राउत के खेत में बने कुएं में एक बाघ गिर गया है। सूचना मिलते ही नागलवाड़ी के क्षेत्र सहायक (अतिरिक्त प्रभार) सतीश गाडलिंगे और कोरमेटा के वनरक्षक साहेबराव शेलार अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दोपहर करीब ढाई बजे, जब गोवर्धन राउत अपने बैलों को पानी पिलाने के लिए कुएं पर पहुंचे, तो उन्हें कुएं के अंदर से अजीब आवाजें सुनाई दीं। जब उन्होंने कुएं में झांका, तो उन्होंने देखा कि एक बाघ पानी में तैर रहा था और बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था।

वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद 30-40 फीट गहरे कुएं से बाघ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस अभियान में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश फुलसुंगे, वन विभाग, वन्यजीव विशेषज्ञों, पुलिस विभाग और अन्य कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

बचाए गए बाघ को तत्काल उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए नागपुर के टीटीसी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी जांच और इलाज किया जा रहा है।

घटना के बाद ग्रामीणों में चर्चा है कि यह बाघ, एक महीने पहले सुरेवानी के टाइगर रिजर्व जंगल में मृत मिली मादा बाघिन का शावक हो सकता है। ग्रामीणों का मानना है कि मां की मृत्यु के बाद यह शावक जंगल में भटक गया होगा और पानी की तलाश में कुएं में गिर गया।

**पेंच टाइगर रिजर्व परियोजना पर सवाल**

स्थानीय लोगों ने पेंच टाइगर रिजर्व परियोजना के अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है, जिससे जानवर जंगल छोड़कर गांवों की ओर भटक रहे हैं। लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं निभा रहे हैं, जिससे वन्यजीवों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। अगर समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे हादसे आगे भी होते रहेंगे, जिसका खामियाजा वन विभाग और वन्यजीवों दोनों को भुगतना पड़ेगा।

## फर्जी ओयो होटलों के खिलाफ पुलिस और ओयो की संयुक्त मुहिम

**नागपुर.**

नागपुर पुलिस ने ओयो के साथ मिलकर, फर्जी ओयो ब्रांडिंग का इस्तेमाल करने वाले अवैध होटलों पर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने मनीष नगर इलाके में चल रहे 20 होटलों से फर्जी ओयो साइन बोर्ड हटवाए हैं। यह कदम ओयो द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद उठाया गया, जिसमें कुछ होटलों पर कंपनी के नाम और लोगो के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। पुलिस आने वाले हफ्तों में ऐसे और होटलों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। यह अभियान ओयो के फर्जी ब्रांडिंग के खिलाफ चल रही व्यापक कार्रवाई का हिस्सा है। हाल ही में, गाज़ियाबाद पुलिस ने भी इसी तरह की कार्रवाई की थी। ओयो अब नोएडा, फरीदाबाद, हैदराबाद सहित कई अन्य शहरों में पुलिस के साथ मिलकर ऐसे होटलों पर शिकंजा कसने की योजना बना रहा है।

इससे पहले, ओयो ने इन होटलों को कानूनी नोटिस जारी कर कंपनी की ब्रांडिंग को हटाने की चेतावनी दी थी। अभियान के तहत, पुलिस ने पहचान किए गए होटलों का दौरा किया, उनकी प्रबंधन टीम को चेतावनी दी और फर्जी ब्रांडिंग के कानूनी परिणामों के बारे में अवगत कराया।

इस अभियान में ओयो की आंतरिक कंप्लायंस टीम और पुलिस के बीच करीबी तालमेल है। ओयो नियमित ऑडिट करेगा, जबकि पुलिस संदिग्ध होटलों पर कार्रवाई करेगी। इस संयुक्त मुहीम के बारे में बोलते हुए, ओयो इंडिया के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, वरुण जैन ने कहा, "भ्रामक विज्ञापनों और घटिया सुविधाएँ प्रदान करके ये अवैध होटल अक्सर मेहमानों के साथ धोखा करते हैं। इस वजह से यात्रियों को कई बार असुविधा का सामना करना पड़ता है। हम इस तेजी से हुई पुलिस कार्रवाई के लिए आभारी हैं। इससे हमें पुलिस के साथ मिलकर अन्य शहरों में भी इस मुहिम को आगे बढ़ाने का आत्मविश्वास मिला है।

## ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में विपश्यना ध्यान शिविर संपन्न

### > सैकड़ों साधकों ने धम्म लाभ लिया

**कामठी.**

माघ पूर्णिमा के अवसर पर ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में बुधवार को एक -दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें इस अवसर पर सैकड़ों साधकों ने भाग लिया था। शिविर की शुरुआत में, वर्तमान साधकों को एक ढाल दिया गया था। और दूसरे सत्र में, विपश्यना सहायक आचार्य संतोष जांभुलकर द्वारा प्रशिक्षित दिया गया। शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू किया गया था, यह शिविर शाम 4:00 बजे गोयंका गुरुजी के ऑडियो उपदेश द्वारा संपन्न हुआ, जिन्होंने मंगल दोस्ती और माघ पूर्णिमा के महत्व को समझाया था। इस शिविर में ड्रैगन पैलेस टेंपल की प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे, वंदना भगत, नंदा गोडघाटे, रेखा भावे, रजनी लिंगायत, तक्षशिला वाघधरे, रत्ना मेंढे, दर्शना रंगीरी, छाया गाड़घे, आशा खोब्रागडे, वंदना आले, सुमन घरडे, शालू सावतकर सहित बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया। 16 फरवरी, 27 फरवरी सतक दिन-प्रतिदिन ध्यान शिविर में भाग लेने वाले साधकों को वेब साइट www. dragonpalacetemple.org ऑनलाइन पर पंजीकरण करना होगा। ऐसी जानकारी ड्रैगन पैलेस प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे ने पत्रक द्वारा जानकारी दी।



## सावनेर नगर परिषद का स्वच्छता अभियान जारी

**सावनेर.**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 और माझी वसुंधरा 5.0 के अंतर्गत सावनेर नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत झंडा चौक और पहलेपार क्षेत्र की सफाई की गई, जिसमें नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद सावनेर के मुख्य अधिकारी किरण बगड़े ने नागरिकों से अपील की कि वे इसी तरह नगर परिषद के प्रयासों में सहयोग करें और अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में योगदान दें। इस अभियान में नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा इस तरह के सफाई अभियान आगे भी जारी रखने की योजना बनाई गई है, ताकि सावनेर को स्वच्छता की दृष्टि से एक आदर्श शहर बनाया जा सके।



## मुकेश हिवसे निर्विरोध उपसरपंच चुने गए



**कामठी.**

लिहिगांव के पूर्व उपसरपंच अतुल देवीदास ठाकरे ने 1 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे 12 फरवरी को ग्राम कार्यालय में उपसरपंच के पद हेतु उप चुनाव की प्रक्रिया रखी गई, जिसमें मुकेश हिवसे निर्विरोध उपसरपंच निर्विरोध चुने गए। इस मौके पर पूर्व उपसरपंच अतुल ठाकरे, ग्रा.प. सदस्य विशाखा बोरकर, सोनाली गेडाम, पदमा निकाळजे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं गांव के गणमान्यों में राजेंद्र बोरकर, कृष्णाराव ढेंगरे, रघुनाथ सोनटक्के, कंठीराम बोरकर, जामुवंत ठाकरे, प्रभाकर ठाकरे, मिलिंद गेडाम, कृष्णा हिवसे, अविनाश ठाकरे, रमेश झोड, संध्या मेश्राम, गौतम मेश्राम, गुणाजी गेचुडे, बाबूलाल मडावी आदि उपस्थित रहकर नवनियुक्त उपसरपंच मुकेश हिवसे का अभिनंदन किया गया।

## महाशिवरात्रि उत्सव की तैयारियों को लेकर छावनी प्रशासन तैयार

### व्यवस्थाओं को लेकर किया गया निरीक्षण

**कामठी.**

महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को मनाया जायेगा। इसी कड़ी में छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी महेश वड्डे एवं मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पर्व की तैयारियों की व्यवस्थाओं एवं स्थलों का मुआयना किया। महेश वड्डे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महाशिवरात्रि पर्व पर जूना कामठी स्थित कालेश्वर शिव मंदिर स्थल तक एवं छावनी क्षेत्र में दर्शन व्यवस्था के रूट पर स्ट्रीट लाइट के अलावा पर्याप्त विद्युत व्यवस्था की जाये। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्व के पूर्व और स्ट्रीट लाइट लगाई जाए, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।



उन्होंने सर्वप्रथम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ए.पी.एस. ग्राउंड व नागपुर महानगर पालिका के वॉटर वर्क्स के पहले कंटीली झाड़ियों से युक्त मैदान को साफ करवाकर पार्किंग स्थल की व्यवस्था करवाई गई। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि समय पूर्व बैरिकेडिंग की जाये। दर्शनार्थियों के प्रवेश रूट का मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## लकड़गंज पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

लकडगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जबरन लूटपाट करने वाले कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित से चाकू की नोक पर रुपये छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गणेश जगतसिंह भलावी (30), बालाघाट (म.प्र.) निवासी 8 फरवरी की दोपहर ई-रिक्शा से इतवारी इलाके में खरीदारी के लिए जा रहे थे। उन्होंने सिताबर्डी से ई-रिक्शा बुक किया, लेकिन चालक उन्हें लकड़गंज थाना क्षेत्र के गंगाजमुना इलाके में अनुराग चाइल्ड सेंटर के सामने ले गया। जब पीड़ित ने इस बारे में सवाल किया तो रिक्शा चालक, जो कि आरोपी निकला, ने गाली-गलौच करते हुए उन्हें रिक्शे से बाहर खींच लिया। इसके बाद, चाकू दिखाकर धमकाते हुए आरोपी ने कहा, "साले, मुझे पहचानता नहीं क्या? मेरा नाम नवाब है, जो पैसे हैं दे, नहीं तो जान से जाएगा!" इसके बाद उसने पीड़ित के कंधे पर चाकू मारकर घायल कर दिया और पैंट की जेब से 2,000 रुपये लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद लकड़गंज पुलिस हरकत में आई। जांच में तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी नवाब शहा उर्फ नवाब काल्पा रहीम शाह (30)आजमशाह चौक, लकडगंज निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि नवाब शहा एक शातिर अपराधी है और उस पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## कार का शीशा तोड़कर 2 लाख उड़ाए

### > बैंक के सामने दिनदहाड़े वारदात

**नागपुर.**

एमआईडीसी पुलिस थाना अंतर्गत दिनदहाड़े हुई बैग लिफ्टिंग की वारदात से वानाडोंगरी क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने बैंक के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर नकद 2 लाख रुपये उड़ा लिए। यह घटना एमआईडीसी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर घटी। ट्रांसपोर्ट व्यवसायी भाऊराव काले (52) ने हाल ही में अपनी धान की फसल बेची थी। वे अपने ट्रांसपोर्ट कार्यालय के कर्मचारियों को भुगतान करने और एक महिला कर्मचारी के खाते में रकम जमा करने के लिए सेंट्रल बैंक, महाजनवाडी शाखा पहुंचे थे। दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने अपनी कार सड़क की दूसरी तरफ पार्क की और 50,000 रुपये बैंक में जमा करने चले गए, जबकि 2 लाख रुपये एक थैली में कार में ही छोड़ दिए। इसी दौरान, अज्ञात चोर ने ड्राइवर सीट के बगल की खिड़की का शीशा तोड़कर बैग चुरा लिया और फरार हो गया। जब काले बैंक से लौटे तो कार का शीशा टूटा हुआ मिला और नकद राशि गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही थानेदार महेश चव्हाण अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बैंक से कार कुछ दूर पार्क होने के कारण सीसीटीवी में कुछ भी कैद नहीं हो सका, और आसपास अन्य कैमरों के अभाव में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पोल्ट्री फार्म में गांजा की खेती का भंडाफोड़

### > खेत मालिक समेत तीन गिरफ्तार

**कोंढाली.**

काटोल तालुका के कोंढाली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नांदोरा गांव में एक पोल्ट्री फार्म में अवैध रूप से गांजा की खेती की जा रही थी। इस गुप्त जानकारी के आधार पर कोंढाली पुलिस और नागपुर जिला ग्रामीण अपराध शाखा की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर नशीले पदार्थों को जब्त किया।

10 फरवरी की रात कोंढाली थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नांदोरा स्थित पोल्ट्री फार्म के खेत में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने गांजा के पौधे जब्त किए, जिनसे लगभग एक किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत 81,000 रुपये आंकी गई है। मुख्य आरोपी फार्म मालिक शेख अनीस शेख अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 बी, 20ए और 29 के तहत मामला दर्ज कर काटोल न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार, अपर पुलिस अधीक्षक रमेश धुमाल, काटोल उपविभागीय पुलिस अधिकारी बापूसाहेब रोहम, कोंढाली थानेदार राजकुमार त्रिपाठी, स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश कोकाटे, एपीआई आशीष सिंह ठाकुर और सपोनि धवल देशमुख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फरार खेत मालिक की तलाश जारी है और पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।



**तीन आरोपी गिरफ्तार, खेत मालिक फरार**

**इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम इस प्रकार हैं:**

1. शेख जावेद शेखबू (38), निवासी शनिचरा, कोंढाली
2. शेख इदरीस शेख यूनुस (37), निवासी वर्धा रोड, कोंढाली
3. आसिफ अली अशरफ अली सैयद (37), निवासी शनिचरा, कोंढाली.

## भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई पुण्यतिथि



**कामठी.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि कामठी शहर भाजपा कार्याध्यक्ष राज हाडोती के नेतृत्व में मनाई गई। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर तिलक वंदन कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा पदाधिकारियों ने संगोष्ठी में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मा मानववाद के संस्थापक थे और राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहे। उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर गौरक्षा आंदोलन भी चलाया और राष्ट्रहित में राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम दौरान भाजपा पदाधिकारियों में संजय कनोजिया, राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, लाल सिंह यादव, उज्वल रायबोले, विक्की बोंबले, सुनील खानवानी, पंकज वर्मा, अरविंद चवडे, जितेंद्र खोब्रागडे, अनिकेत चाटे, पिक्कु यादव, धीरज प्रजापति, रामचंद्र कालबांडे, प्रेमलता शर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे.

# आंगनवाड़ी कर्मियों का जिलाधिकारी कार्यालय पर आक्रोश मोर्चा

## राज्यस्तरीय और स्थानीय मांगों को लेकर बड़ा प्रदर्शन



**वर्धा.** आयटक संलग्न आंगनवाड़ी बालवाड़ी कर्मचारी यूनियन राज्य काउंसिल की ओर से 3 फरवरी से 15 फरवरी तक "मांग पखवाड़ा" का आयोजन किया गया है। इसके तहत 12 फरवरी को वर्धा में जिलाधिकारी कार्यालय व जिला परिषद कार्यालय पर आक्रोश मोर्चा निकाला गया। यह मोर्चा संघटना के राज्य अध्यक्ष दिलीप उटाणे के नेतृत्व में हुआ। मोर्चा दयाल नगर, रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और बजाज चौक, नेताजी सुभाषचंद्र चौक, झांसी रानी चौक, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतला चौक होते हुए जिला परिषद कार्यालय पहुंचा। वहां स्थानीय मांगों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद गांधी पुतला के पास जिलाधिकारी को राज्य स्तरीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस मोर्चे में संघठन के जिलाध्यक्ष विजया पावडे, जिला सचिव वंदना कोलणकर, कोषाध्यक्ष मैना उईके, कार्याध्यक्ष मंगला इंगोले, उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी डंबारे सहित सैकड़ों अंगणवाड़ी सेविकाएं उपस्थित रहीं। संघठन ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

❍ **मुख्य मांगें:** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी और हर महीने पेंशन लागू की जाए। हाई कोर्ट के आदेशानुसार सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आंगनवाड़ी कर्मियों को बीमारी के लिए छुट्टी मंजूर की जाए। लाडली बहन योजना के फॉर्म भरने का मेहनताना तुरंत दिया जाए। नए नियमों से अयोग्य महिलाओं के फॉर्म रद्द करने का कार्य कर्मियों से न करवाया जाए। सेवानिवृत्त और दिवंगत कर्मियों को नगद लाभ दिया जाए। अधूरे यात्रा भत्ते का शीघ्र भुगतान किया जाए। मानदेय में वरिष्ठता के अनुसार वेतन विसंगति दूर की जाए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ मिले। मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के फॉर्म का मेहनताना तुरंत दिया जाए। बेबी किट वितरण की स्पष्ट गाइडलाइन जारी की जाए। रिक्त पदों पर सहायक कार्यकर्ताओं का सीधा चयन हो। समुद्रपुर की कमियों को भाई दूज उपहार दिया जाए।

# समाजसेवी रावजीभाई पटेल को नारायण सेवा मित्र परिवार ने किया सम्मानित



**हिंगनघाट.** नारायण सेवा मित्र परिवार द्वारा समाजसेवी रावजी भाई पटेल को उनके सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'सेवेचा सत्कार' उपक्रम के तहत किया गया, जिसमें अशोका होटल, जाम के संचालक एवं समाजसेवी रावजी भाई पटेल को शाल, हार, स्मृति चिन्ह और पगड़ी पहनाकर सत्कार किया गया। रावजी भाई पटेल ने गरीब, निराश्रित एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए निस्वार्थ सेवा की है। उनके इन सराहनीय कार्यों को देखते हुए नारायण सेवा मित्र परिवार ने जाम स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर नारायण सेवा मित्र परिवार के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्रा. किरण वैद्य, महेश दीक्षित, लक्ष्मण डहाके, रामदास खडगी, दुर्गा प्रसाद यादव, अशोक मिहानी, पराग मुडे, सुभाष शेंडे, मनोज सिंघवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सम्मान समारोह के दौरान रावजी भाई पटेल द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया गया और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

# एटीएम कार्ड बदलकर 40 हजार की ठगी

**हिंगनघाट.** एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये निकालने की धोखाधड़ी का मामला हिंगनघाट पुलिस स्टेशन अंतर्गत सामने आया है। इस संबंध में विजय पांडुरंग ढोबले (55) की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित विजय ढोबले नन्नाशाह वार्ड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसे निकालने गए थे, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण पैसा नहीं निकल रहा था। उसी दौरान उनके पीछे एक व्यक्ति खड़ा था, जिसने चेहरे पर लाल कपड़ा बांध रखा था। उसने मदद करने के बहाने शिकायतकर्ता का एटीएम कार्ड लिया और पिन डालने को कहा। इसके बावजूद जब पैसे नहीं निकले, तो उसने एटीएम कार्ड वापस कर दिया। बाद में जब ढोबले ने दूसरी मशीन से पैसे निकालने की कोशिश की, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके पास मौजूद कार्ड किसी और का है। कुछ ही देर में उनके मोबाइल पर खाते से 40 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आ गया। ठगी का एहसास होते ही उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चिखलदरा में सबसे लंबे स्काई ब्रिज का काम शुरू

### विधायक केवलराम काले ने किया निरीक्षण, छह महीने में काम पूरा होने का अनुमान



**अमरावती.** मेलघाट के विधायक केवलराम काले ने विदर्भ के स्वर्ग कहे जाने वाले चिखलदरा पर्यटन स्थल के हरिकेन पॉइंट पर स्काईवॉक पर सिडको द्वारा किए जा रहे कार्य का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिडको अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने का आदेश दिया।

विधायक काले स्काईवॉक का दौरा किया और अधिकारियों से चल रहे कार्य के बारे में जानकारी ली। चार साल बाद स्काईवॉक पर काम फिर से शुरू हुआ है। इस स्काईवॉक का 72 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की आपत्ति के बाद जुलाई 2021 से काम रुका हुआ था।

चिखलदरा में प्रस्तावित स्काईवॉक अभी भी निर्माणाधीन है। यह स्काईवॉक 407 मीटर लंबा और 1,500 फीट ऊंचा होगा। इसमें कुल 14 केबल बिछाई जाएंगी। यह स्काईवॉक भारत का सबसे लंबा स्काईवॉक है। यह कार्य अगले छह महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

# वना बैंक को सहकारिता मंत्री पंकज भोयर ने प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया



**हिंगनघाट.** विदर्भ शहरी बैंक सहकारी संघ, नागपुर द्वारा 10 और 11 फरवरी 2025 को संत गजानन नगरी, शेगांव में सहकारी बैंक के अध्यक्ष और निदेशकों के लिए एक विशेष चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर वना नागरिक सहकारी बैंक को उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में वना नागरिक सहकारी बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति देखी गई। बैंक की शेयर पूंजी 5.88 करोड़ रुपये थी, कुल जमा 248.16 करोड़ रुपये, ऋण 2,171.48 करोड़ रुपये, निवेश 91.07 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 5.02 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने अपने शेयरधारकों को 10% लाभांश वितरित किया और उसका शुद्ध एनपीए शून्य रहा। बैंक लगातार वैधानिक लेखा परीक्षा में 'ए' ग्रेड प्राप्त कर रहा है। वना बैंक ने 2023-24 में 101 करोड़ रुपये से 1000 करोड़ रुपये की जमा श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए सहकारिता मंत्री पंकज भोयर ने बैंक को सम्मानित किया। उनके साथ विदर्भ शहरी बैंक सहकारी संघ, नागपुर के अध्यक्ष रविंद्र दुरुगकर, उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता, सचिव तुषारकांति दाबले और संयुक्त सचिव सुभाष देवाळकर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री पंकज भोयर ने वर्धा जिले में सहकारी संस्थाओं की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए हिंगनघाट कृषि उपज बाजार समिति के अनुकरणीय कार्य की सराहना की। उन्होंने वना नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कोठारी के नेतृत्व की प्रशंसा की और बैंक की सफलता में उनके योगदान को सराहा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष सुरेश सायंकर, निदेशक डॉ. निर्मेश कोठारी, डॉ. वरुण लोढ़ा, हिमंत चतुर, ज्ञानेश्वर लोणारे, सिद्धार्थ दारुंडे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। हिंगनघाट कृषि उपज बाजार समिति के उपाध्यक्ष हरीश वरटकर, बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसंत खोलगड़े, कमलेश कासवा और हेमंत मेघरे ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों ओमप्रकाश डालिया, डॉ. दिलीप जोवनपुत्रा, विपिन पटेल, अक्षय ओस्तवाल, सुरेश नैनानी, अविनाश गांधी, मनीष चितलांगे, सौ. विद्या भोयर, सौ. पूनम बदले, पारस बाबू मुणोत, गोपाल मोहता एवं बैंक के शुभचिंतक राजू तिमांडे, निर्मल कोचर, पंकज कोचर, आफताब खान, पिंटू बादले, तेजस तडस, उत्तमराव भोयर, मधुसूदन हरणे, मधुकरराव डंभारे सहित कई लोगों ने वना बैंक को उसकी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और भविष्य में और अधिक सफलता की शुभकामनाएं दीं। बैंक की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समूचे सहकारी क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

# जिजामाता विद्यालय ने किया शैक्षिक यात्रा का आयोजन



**वर्धा.** गिताई नगर स्थित जिजामाता विद्यालय में एक विशेष "आनंदी शनिवार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को शैक्षिक यात्रा पर गीताई मंदिर और विश्व शांति स्तूप ले जाया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता से जोड़ना था। इस दौरान छात्रों को गीताई मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, महान स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज के जीवन और उनके कार्यों पर आधारित एक प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई। इस यात्रा में विद्यालय की प्रधानाचार्या, चारुलता येळणे ने छात्रों को विश्व शांति स्तूप की स्थापना, उसकी स्थापत्य विशेषताओं और शांति के संदेश के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के लिए सामूहिक भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे उनमें समूह भावना, सामाजिक जागरूकता और इतिहास के प्रति रुचि विकसित हुई। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक गण सुनील धवणे, नरेश बांगडे, दिनेश गोमासे, आशीष पोहाने, दमयंती वाघमारे, विजयश्री सालुंके और निर्मला तवले ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्रों ने इस शैक्षिक यात्रा का भरपूर आनंद लिया और नए ज्ञान व अनुभव के साथ एक सुखद शनिवार व्यतीत किया।

# अभिनव विचार मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

### सिकलसेल और थैलेसीमियाग्रस्त रोगियों की सहायता के लिए रक्तदान का आह्वान



**हिंगनघाट.** सुभाषचंद्र बोस जयंती और छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में अभिनव विचार मंच हिंगणघाट और महिला पतंजलि योग परिवार हिंगणघाट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 16 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक भारत विद्यालय के अटल सभागृह में सिकलसेल व थैलेसीमिया ग्रस्त रोगियों की सहायता हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में शामिल होने के लिए शहर के कई नागरिकों ने पहले ही पंजीकरण शुरू कर दिया है। अभिनव विचार मंच द्वारा यह उपक्रम कई वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत एकत्रित रक्त सिकलसेल और थैलेसीमिया से ग्रस्त रोगियों की सहायता के लिए दिया जाता है। अभिनव विचार मंच संस्था समाज में विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन करती रहती है और यह रक्तदान शिविर भी उसी उद्देश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। संस्था ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में योगदान देने की अपील की है। इस रक्तदान शिविर में भाग लेने और रक्तदान करने के लिए अभिनव विचार मंच के प्रमुख कार्यकर्ताओं राहुल वंजारे (9823260021), श्रीकांत डोळसकर (8999305145), रेणुदास नागतोडे (9923393075), अनिल नाईक (9923952343), पौर्णिमा धात्रक और प्राची पाचखेडे ने नागरिकों से अपील की है।

# सार्वजनिक बांधकाम विभाग के कार्यों की जांच की मांग



राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरदचंद्र पवार गुट) ने सौंपा ज्ञापन

**हिंगनघाट.** सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जांच की मांग को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरदचंद्र पवार गुट) के शिष्टमंडल ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पार्टी के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले के मार्गदर्शन में दिया गया। शहर के सार्वजनिक बांधकाम विभाग कार्यालय से तहसील कार्यालय तक के सड़क निर्माण कार्य को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस संबंध में कई बार दूरभाष के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। 11 फरवरी को सार्वजनिक बांधकाम विभाग के उप अभियंता नेवारे और ठेकेदार कंपनी के अभियंता लुतडे की उपस्थिति में सड़क की खुदाई कर जांच की गई, जिसमें कई खामियां और अनियमितताएं सामने आईं। शिष्टमंडल ने ठेकेदार पर कार्रवाई करने और इस निर्माण कार्य की गहन जांच कराने की मांग की। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरदचंद्र पवार गुट) के शहराध्यक्ष बालु वानखेडे, समाजसेवक सुनील डोंगरे, जिला सरचिटणीस दशरथ ठाकरे, अमोल बोरकर, श्रीकांत भगत, सुशील घोडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दाते स्मृति संस्थान के साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा

**वर्धा.** महाराष्ट्र में साहित्य के क्षेत्र में प्रतिष्ठित यशवंतराव दाते स्मृती संस्थान, वर्धा द्वारा वर्ष 1996 से मराठी भाषा में उत्कृष्ट पुस्तकों को विभिन्न साहित्यिक पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप दाते और पुरस्कार समिति के संयोजक डॉ. राजेंद्र मुंढे ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 के लिए चुने गए विजेताओं की घोषणा की। ये पुरस्कार अगले महीने आयोजित होने वाले वार्षिक व्याख्यान श्रृंखला और साहित्य महोत्सव के दौरान प्रदान किए जाएंगे। उपन्यास, कहानी, कविता संग्रह और बाल साहित्य पुरस्कार के रूप में 5,000 नकद, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। अंजना इंगले स्त्रीवादी साहित्य पुरस्कार के लिए 10,000 नकद, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने अपने भविष्य की दिशा निश्चित करें: समीर कुणावार



**हिंगनघाट.** शहर के काजी वार्ड स्थित समता सभागृह में आयोजित बहुजन हिताय अभ्यासिका को वि. समीर कुणावार ने सदिच्छा भेंट दी और विद्यार्थियों से संवाद साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य की योजना तैयार करने का यही उचित समय है। विद्यार्थियों को अभी से अपने लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन पर केंद्रित रहने और अनुशासित तरीके से आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास और सही दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है। इस अवसर पर अशोक रामटेके, धीरज इंदुरकर, राजू मेश्राम, संदीप गेडाम सहित कई विद्यार्थी, छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.** सावित्री डॉटर्स चैरिटेबल ट्रस्ट, हिंगनघाट की ओर से भीम नगर वार्ड में माता जिजाऊ, सावित्रीबाई फुले और त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर की संयुक्त जयंती के अवसर पर महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कई महिलाओं ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीना येसंबरे ने की, जबकि प्रो. वर्षा मून (अध्यक्ष, सावित्री डॉटर्स चैरिटेबल ट्रस्ट) और सीमा मेश्राम बतौर अतिथि उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर डॉ. स्मिता मेश्राम ने महिलाओं को बीपी, शुगर और थायराइड जैसी बीमारियों की नियमित जांच कराने की सलाह दी और संतुलित आहार के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इनमें भारती वैद्य ने प्रथम स्थान तथा सुरेखा डम्भारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजश्री बाम्बोले ने किया और आभार प्रदर्शन नागराले ने किया.

# सांसद प्रतिभा धानोरकर ने केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात



**यवतमाल.** संसद में बजट सत्र अभी चल रहा है। वहीं, सांसद प्रतिभा धानोरकर चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कड़ी मेहनत करती नजर आ रही हैं। अपने लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को लेकर उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की। सांसद प्रतिभा धानोरकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मांगों पर चर्चा की।

इसमें उन्होंने मुख्य रूप से अनुरोध किया कि बल्लारपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक चलने वाली ट्रेन को सप्ताह के सभी दिन चलाया जाए। उन्होंने काजीपेट-पुणे ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाने पर भी चर्चा की। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने चंद्रपुर-पुणे और चंद्रपुर-मुंबई मार्गों पर वंदे भारत ट्रेनें चलाने का भी अनुरोध किया।

इसके साथ ही सांसद धानोरकर ने यह भी अनुरोध किया कि प्रत्येक ट्रेन को इस स्थान पर स्टॉप दिया जाए, क्योंकि चंद्रपुर एक औद्योगिक शहर है और यहां अधिक ट्रेन स्टॉप नहीं हैं। उन्होंने मांग की कि कोरोना काल से पहले वरोरा और भद्रावती में रुकने वाली सभी ट्रेनों को फिर से रुकने की अनुमति दी जाए।

### अंडरपास मरम्मत की भी मांग की

❍ सांसद धानोरकर ने यह भी अनुरोध किया कि मुंबई-नंदीग्राम एक्सप्रेस को मुकुटबन और लिंगती रेलवे स्टेशनों पर ठहराव दिया जाए तथा मुकुटबन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने झरी तहसील के अहेरअल्ली गांव के पास अंडरपास की मरम्मत की भी मांग की। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने अन्य विषयों पर भी अपनी मांगें रखी। केंद्रीय रेल मंत्री ने इन सभी मांगों के प्रति सकारात्मकता दिखाई और आश्वासन दिया है कि इस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

**निधन वार्ता** | निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

## पंकज जीवन सांगोडे



**नागपुर.** मायानगर, लघुवेतन कॉलोनी के निवासी पंकज जीवन सांगोडे का बुधवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 45 वर्ष के थे। उनके निधन से परिवार और परिचितों में शोक की लहर है। वे अपने पीछे माता, बहन, पत्नी, एक बेटी और दो बेटों सहित बड़ा पारिवारिक समुदाय छोड़ गए हैं। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार वैशाली नगर घाट पर संपन्न हुआ।

# फिल्म 'सुपरबॉयज़ ऑफ़ मालेगांव' का ट्रेलर लॉन्च

## > 28 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई.**




अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज, एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सुपर बॉयज़ ऑफ़ मालेगांव का ट्रेलर आज लॉन्च किया गया। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है, जो महाराष्ट्र के छोटे से कस्बे मालेगांव की पृष्ठभूमि में रची गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे नासिर शेख और उसके दोस्त अपने जुनून से फिल्म निर्माण की दुनिया में क्रांति लाने का सपना देखते हैं। इस फिल्म का निर्देशन रीमा कागती ने किया है, जबकि इसकी कहानी वरुण ग्रोवर ने लिखी है। फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह, मंजिरी पुपाला, मुस्कान जाफरी और रिद्धि कुमार जैसे प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को सपनों, संघर्ष और सिनेमा की जादुई दुनिया की ओर ले जाता है। ट्रेलर में मालेगांव के नासिर शेख की कहानी दिखाई गई है, जो अपने साधारण जीवन से कुछ अलग करने की चाह रखता है। फिल्मों से प्रेरित होकर, वह और उसके दोस्त कुछ बड़ा करने का फैसला करते हैं – वे अपने ही कस्बे में, अपनी ही शर्तों पर फिल्में बनाने का सपना देखते हैं। ट्रेलर में मस्ती भरे ऑडिशन, फिल्म मेकिंग के अनोखे तरीके, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और कठिनाइयों से जूझते हुए अपने सपनों को पूरा करने की जद्दोजहद दिखाई गई है।सुपरबॉयज़ ऑफ़ मालेगांव को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बीएफए लंदन फिल्म फेस्टिवल में शानदार प्रतिक्रिया मिली। अमेज़न एमजीएम स्टूडियो के पहले भारतीय ओरिजिनल फिल्म के रूप में, यह अमेरिका, यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड सहित कई देशों में 28 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। प्राइम वीडियो इंडिया के ओरिजिनल्स विभाग के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, "यह फिल्म भारतीय कहानियों को वैश्विक मंच देने का उदाहरण है।




एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के सहयोग से हमने इस प्रेरणादायक फिल्म को बड़े पर्दे पर लाने की पूरी कोशिश की है।"

फिल्म के निर्माता रितेश सिधवानी ने कहा, "यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि सपनों और मेहनत की ताकत की कहानी है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा।"

फरहान अख्तर ने कहा, "हम हमेशा ऐसी कहानियां बनाना चाहते हैं जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के दर्शकों को प्रभावित करें। यह फिल्म साबित करती है कि मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। निर्देशक रीमा कागती ने कहा, यह सिर्फ मालेगांव के फिल्ममेकर्स की कहानी नहीं, बल्कि उन सभी सपने देखने वालों की कहानी है जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी दुनिया बदलने की ताकत रखते हैं।

### फिल्म फेस्टिवल्स में शानदार सफर

सुपरबॉयज़ ऑफ़ मालेगांव को सितंबर 2024 में 49वें टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों की स्टैंडिंग ओवेशन मिली। रेड सी फिल्म फेस्टिवल और 36वें पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। भावनात्मक गहराई और मनोरंजन का अनूठा मिश्रण होने के कारण, यह फिल्म सिनेमा प्रेमियों के लिए एक खास अनुभव साबित होगी। 28 फरवरी 2025 को बड़े पर्दे पर यह कहानी लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाने के लिए तैयार है।

## आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस योग शिविर संपन्न



**सौंसर.**

आर्ट ऑफ लिविंग सौसर द्वारा पांच दिवसीय हैप्पीनेस शिविर ; आनंद अनुभूति कार्यक्रम आयोजित हुआ। साधकों ने योग, ध्यान, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया का ज्ञान अर्जित किया। भाऊ साठे भवन में आयोजित हुए पांच दिवसीय हैप्पीनेस शिविर ; में प्रशिक्षक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि के अनुसार हिंसा मुक्त समाज, रोग मुक्त शरीर, संभ्रान्ति मुक्त मन, शंका रहित बुद्धि, सदमा रहित स्मरण शक्ति, शारीरिक क्षमता युक्त शरीर और एक दुःख रहित आत्मा प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य के साथ शिविर के माध्यम से सांसारिक व आध्यात्मिक ज्ञान एवं योग, ध्यान, प्राणायाम के साथ विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया की प्रक्रियाओं को मनोरंजक क्रियाओं एवं आपसी संवाद के जरिये सिखाया गया है। जिससे स्वस्थ शरीर तनाव एवं नकारात्मक विचारों से मुक्ति, अधिक आत्मविश्वास, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता, खुशहाल जीवन और मन की शांति व रोग प्रतिरोधक क्षमता में अभूतपूर्व सुधार के साथ ही दैनिक जीवन उपयोगी सरल ज्ञान और प्रक्रियाओं के माध्यम से तनाव मुक्त होते हुए जीवन में खुशी और सफलता के सूत्र भी सिखाये गए।शिविर में 16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों ने योग, प्राणायाम, ध्यान, आसन एवं सुदर्शन क्रिया जानी। आगामी दिनों में होने वाले हैप्पीनेस शिविर का आर्ट ऑफ लिविंग वरिष्ठ मार्गदर्शक सिद्धार्थ पटेल, भूपेंद्र मिश्रा,राजेश बाविस्टाले, आशा वर्मा ,श्याम वर्मा, विजय कनौजिया, छाया वर्मा, रक्षा यादव,दिनेश धारपुरे, कुसुम पवार ,गिरधर चांडक, मोंटी ठाकुर, अर्पण कडू, प्रतिभा बिसेन, नीलेश शुक्रवार ने लाभ लेने की अपील की है। शिविर में नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, अतुल जुननकर, विकास शर्मा, राजेंद्र बत्रा, हंसराज बारस्कर, एवं मातृशक्ति उपस्थित हो रही है।

## किसानों के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य: तहसीलदार कोलपे

**रामटेक.**

केंद्र सरकार की नई नीति के तहत अब किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर यूनिक आईडी (एग्रीस्टार) बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत हर किसान को अपनी कृषि भूमि को आधार कार्ड से जोड़ना जरूरी होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो पीएम किसान योजना, फसल बीमा योजना और अन्य सरकारी लाभों से किसान वंचित रह सकते हैं।

महाराष्ट्र में सभी किसानों की कृषि भूमि को आधार से लिंक कर फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अभियान के तहत एक करोड़ से अधिक किसानों का पंजीकरण किया जाएगा। जमीन को आधार से लिंक करने के बाद हर किसान को एक



विशिष्ट नंबर दिया जाएगा, जिसका उपयोग भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं के लिए किया जा सकेगा। तहसील कार्यालय में 'आपले सरकार सेवा केंद्र' के संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें फार्मर आईडी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। किसान अपने नजदीकी आपले सरकार सेवा केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, तलाठी, सेवा केंद्र संचालक, पुलिस पाटिल और कोतवाल को भी इस प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया है। तहसीलदार रमेश कोळपे ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है।

## संकल्प बाइक-कार रैली निकाली गई

**नागपुर.**

सनातन धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित संस्था ब्रह्म राष्ट्र एकम ने एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए संकल्प बाइक कार रैली का भव्य आयोजन किया। यह रैली 9 फरवरी को सुबह 9:30 बजे अन्नपूर्णा माता मंदिर, करारे नगर, पुनापुर, भरतवाड़ा पारडी, नागपुर से प्रारंभ होकर दोपहर 12:30 बजे तीर्थ क्षेत्र पंचमुखी हनुमान देवस्थान, सातनवरी, नागपुर पर सम्पन्न हुई।

इस विशाल रैली ने भवानी मंदिर पारडी, एच.बी. टाउन चौक, खरबी चौक, दिघोरी उडान पुल, उमरेड रोड, कुही फाटा, डोंगरगांव, सोनेगांव और खेतापुर होते हुए सातनवरी मंदिर तक की यात्रा पूरी की। इस रैली का मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के संकल्प को मजबूत करना और सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने का संदेश देना था। इसके अलावा, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्य प्रकाश राजाराम मोर्या, राजेश सिंह, रतन कुमार मोर्या, ज्ञानेश्वर



पंढरपुरकर महाराज, सोनम तिनगुरिया, ग्यानी लांजेवार, राजेश बिसेन, काजल देवघरे, अपर्णा बिसेन सहित अनेक श्रीराम भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ब्रह्म राष्ट्र एकम पहले भी अंतरराष्ट्रीय अधिवेशनों का आयोजन कर चुका है और अयोध्या से श्रीलंका तक 45 दिवसीय श्रीराम पगयात्रा जैसी ऐतिहासिक यात्राओं का सफल संचालन कर चुका है। यह संकल्प बाइक कार रैली सनातन धर्म और हिन्दू राष्ट्र की स्थापना को समर्पित थी। इसमें बड़ी संख्या में राम भक्तों ने भाग लिया और धर्म जागरण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

## एससीजीटी नागपुर चैप्टर के सचिव पद पर अमित बोरकर की नियुक्ति



**नागपुर.** सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट के नागपुर चैप्टर के सचिव पद पर आईसीटी मीडिया प्रा. लि. के सह-निदेशक अमित बोरकर की नियुक्ति की गई है। शनिवार को होटल नॉर्थ विव्ह में आयोजित नियमित बैठक में नागपुर चैप्टर के अध्यक्ष बागेश महाजन, पूर्व सचिव अश्विनी ऋषी, कोषाध्यक्ष शरद अरसडे तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में उन्होंने पदभार ग्रहण किया। अमित बोरकर उद्योग और व्यवसाय क्षेत्र में एक अनुभवी व्यक्ति हैं। उन्हें बिजनेस नेटवर्किंग, स्टार्टअप्स और उद्योग विस्तार का व्यापक अनुभव है। उनकी इस नियुक्ति से स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट महाराष्ट्र के व्यवसायियों और उद्यमियों के लिए एक प्रभावी मंच है, जिसका उद्देश्य महाराष्ट्रीयन व्यवसायियों के लिए नए अवसर सृजित करना, कौशल विकास को बढ़ावा देना और व्यापारिक सहयोग को सशक्त बनाना है। इस संदर्भ में, नवनियुक्त सचिव अमित बोरकर ने ट्रस्ट के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस नियुक्ति पर कई व्यापारियों और उद्यमियों ने अमित बोरकर को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के ट्रस्टी, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल सुभाष गोरे और नागपुर चैप्टर की सीएसटी टीम का आभार व्यक्त किया।

## आशीर्वाद नगर वार्ड क्रमांक 30 की समस्याओं के लिए फंड की मांग



### > गडकरी को सौंपा ज्ञापन

**नागपुर.**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निवास पर रविवार, 9 फरवरी को शिवसेना नागपुर शहर के अध्यक्ष सिद्धू कोमजवार और आशीर्वाद नगर के वरिष्ठ नागरिक, गार्डन क्लब के अध्यक्ष वामनराव सालवे एवं अन्य सदस्यों ने आशीर्वाद नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वार्ड क्रमांक 30 के विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपये के फंड की मांग की।

गडकरी ने 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की और आश्वासन दिया कि वार्ड में किसी भी आवश्यक कार्य के लिए उन्हें ज्ञापन दिया जाए, जिसे वे जल्द से जल्द पूरा करवाएंगे। इस सहयोग के लिए गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए गार्डन क्लब के कोषाध्यक्ष विजयजी कडू, विलास इटनकर, भानुदास खेडकर, सिद्धू कोमजवार और गार्डन के अन्य सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लोधीखेड़ा पुलिस ने जुआ फड़ पर मारा छापा

**लोधीखेडा.**

पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा सुन्दर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लोधीखेडा पुलिस ने अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पांढुर्णा डी. व्ही. एस. नागर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी ए. बी. मर्सकोले के नेतृत्व में जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम छिंदेवानी में रोशन धुर्वे के घर के पीछे छापा मारा, जहां कुछ लोग हार-जीत के दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से ₹,150 नगद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 359-7 | 235-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 234-9 | 268-6 |
| प्रभात | 145-0 | 235-0 |
| प्रभात नाईट | 559-9 | - |
| डायमंड | 556-6 | 488-0 |
| मेन बाजार | 158-4 | - |
| मिलन डे | 336-2 | 578-0 |
| मेन रतन | 129-2 | 289-9 |
| कल्याण | 480-2 | 155-1 |
| राजधानी डे | 456-5 | 112-4 |
| राजधानी नाईट | 380-1 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 369-8 | 140-5 |

## प्रेमनगर स्थित ट्रांसफार्मर में लगी आग

### > इलाकों की बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**नागपुर.**

नागपुर शहर के प्रेम नगर स्थित नारायण पेठ परिसर में बुधवार शाम अचानक एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जलकर खाक हो गया। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की जानकारी है। इस घटना के चलते आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि, दमकल विभाग ने जानकारी मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंच कर इस आग को बुझाया परंतु तब तक पूरा ट्रांसफार्मर a खाक हो गया था शांति नगर पुलिस थाना अंतर्गत प्रेम नगर के नारायण पेठ में आगजनी की यह घटना हुई। ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट की वजह से चिंगारी उठी जिसने देखते ही देखते भयानक रूप ले लिया। चंद मिनटों में ही इस आग से पूरा ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गया। परिसर वासियों ने आग लगने की जानकारी अग्निशमन दस्ते को दी। हालांकि जब तक अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचता उससे पहले ही बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया गया था जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।



### बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित

अग्निशमन दस्ते ने बाद में मौके पर पहुंच कर इस आग को बुझाया। इस आगजनी की वजह से शांति नगर के प्रेम नगर, नारायण पेठ, श्रीराम वाड़ी लोधीपुरा आदि परिसरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। बिजली विभाग के अनुसार, जल्द ही ट्रांसफार्मर बदला जाएगा और प्रभावित इलाकों में आपूर्ति बहाल की जाएगी। गनीमत रही कि इस आग में कोई भी जीवित हानि नहीं हुई।

